Bharat Temples

मांगी जो मुराद सदा दर से तेरे पाई है

मांगी जो मुराद सदा दर से तेरे पाई है,
फिर इक बार मैंने झोली फैलाई है,
जब भी पुकारो सब का बनता तू सहाई है,
फिर इक बार मैंने झोली फैलाई है,

दिया जो वचन है वो निभाना होगा बाबा,
फिर इक बार तुझे आना होगा बाबा,
सच्चा साथी तू ही सारी दुनिया पराई है,
फिर इक बार मैंने झोली फैलाई है,

सब ने ठुकराया बाबा तू भी ठुकराना न,
सिवा तेरे दर के मेरा और ठिकाना ना,
तेरे चरणों में मेरी दुनिया समाई है,
फिर इक बार मैंने झोली फैलाई है,

टूट के बिखर न जाऊ और अजमाना न,
भूलो को मेरी साई दिल से लगाना न,
बत्रा ने तुम से ही आस लगाई है,
फिर इक बार मैंने झोली फैलाई है,

Source: https://www.bharattemples.com/maangi-jo-murad-sda-dar-se-tere-pai-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw